प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

2 अप्रैल 2024

# गैर-सरकारी गैर-वित्तीय पब्लिक लिमिटेड कंपनियों का वित्त, 2022-23

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त, जो इन आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है, 2020-21 से 2022-23 तक तीन लेखा वर्षों के लिए भारतीय लेखा मानक (इंड-एएस) प्रारूप में रिपोर्ट किए गए 7,238 कंपनियों के लेखापरीक्षित वार्षिक लेखा के आधार पर 2022-23 के दौरान गैर-सरकारी गैर-वित्तीय (एनजीएनएफ़) पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के वित्तीय कार्यनिष्पादन से संबंधित आंकड़े (https://cimsdbie.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Non-Government%20Non-Financial%20Public%20Limited%20Companies) जारी किए।

मार्च 2023 में इन कंपनियों की चुकता पूंजी (पीयूसी) ₹7,49,846 करोड़ थी, जो एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कुल पीयूसी का 52.8 प्रतिशत था।[1]

## मुख्य बातें

### बिक्री

- 2022-23 के दौरान महामारी के बाद की बहाली और मजबूत हुई तथा चुनिंदा एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की निवल बिक्री में पिछले वर्ष की 35.1 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के अलावा 17.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिसने 2020-21 के दौरान कोविड-19 की चरम महामारी वर्ष में बिक्री में संकुचन देखा था (विवरण 1)। कॉर्पोरेट क्षेत्र की बहाली वैविध्यपूर्ण थी और खनन क्षेत्र को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों ने बिक्री में दोहरे अंक की संवृद्धि दर्ज की, जिसने 2022-23 के दौरान 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की (विवरण 10)।
- गतिविधियों में वृद्धि से आस्ति का बेहतर उपयोग हुआ; वर्ष के दौरान सकल अचल आस्तियों और कुल निवल आस्तियों दोनों की बिक्री के अनुपात में सुधार हुआ (विवरण 2)।

### व्यय

- 2022-23 के दौरान बिक्री वृद्धि के अनुरूप, परिचालन व्यय और कर्मचारियों के पारिश्रमिक में क्रमशः 19.4 प्रतिशत और 17.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई (विवरण 1)।
- बिक्री और व्यय संवृद्धि के मामले में विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में सेवा क्षेत्र ने तेज बहाली दर्ज की (विवरण 10)।

### लाभ

- आय की तुलना में परिचालन व्यय में अधिक संवृद्धि के कारण विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र की लाभप्रदता में कमी आई, जहां वर्ष के दौरान परिचालन लाभ, कर पूर्व लाभ और कर पश्चात लाभ में कमी आई (विवरण 1 और 10)।
- बिक्री के अनुपात के रूप में, 2022-23 में परिचालन लाभ और सकल लाभ दोनों में गिरावट आई; हालाँकि, लाभांश की तुलना में निवल मूल्य का अनुपात लगातार दूसरे वर्ष बढ़ा (विवरण 2)।

### लीवरेज

[1] शृंखला में जारी पिछले आंकड़े 31 मार्च 2023 को प्रकाशित किए गए थे। इसमें मार्च 2022 के अंत में ₹ 6,41,681 करोड़ (एनजीएनएफ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कुल पीयूसी का 43.3 प्रतिशत) के कुल पीयूसी के साथ वर्ष 2019-20 से 2021-22 के लिए 6,973 कंपनियों को शामिल किया गया।

- विनिर्माण क्षेत्र में लीवरेज के कारण एनजीएनएफ़ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के इक्विटी की तुलना में कर्ज अनुपात में और गिरावट आई। (विवरण 2 और 11)।
- ब्याज कवरेज अनुपात [आईसीआर, जो ब्याज व्यय की तुलना में ब्याज और करों से पहले की आय (ईबीआईटी) का अनुपात है, और एक कंपनी की ऋण चुकौती क्षमता का माप है] 2022-23 के दौरान मामूली रूप से घटकर 3.9 हो गया चूँकि ब्याज व्यय में संवृद्धि, सकल लाभ में वृद्धि से अधिक थी (विवरण 1 और 2)।

**निधि के स्रोत एवं उपयोग**

- 2022-23 के दौरान निधि के बाह्य स्रोत अपने पिछले वर्ष के स्तर के आसपास रहे, लेकिन आंतरिक स्रोत 15.7 प्रतिशत से बढ़कर कुल निधि का 53.8 प्रतिशत हो गए (विवरण 5 ए)।
- संयंत्र और मशीनरी में निवेश में पर्याप्त वृद्धि के परिणामस्वरूप 2022-23 के दौरान उच्च स्थिर पूंजी निर्माण हुआ; वर्ष के दौरान चालू आस्तियों, विशेष रूप से माल-सूची में गिरावट आई (विवरण 5 बी)।

विवरणों के लिए व्याख्यात्मक नोट अनुबंध में दिए गए हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/ 17**